दस करोड़ की फिरौती मांगने वाले चार बदमाश गिरफ्तार, प्रॉपर्टी कारोबारी को छुड़ाया

गत 12 दिसंबर को प्रॉपर्टी कारोबारी कैलाश विजयवर्गीय का कार सवार बदमाशों ने अपहरण कर लिया था

जयपुर/कोटपूतली, (निसं)। कोटपूतली पुलिस ने अपराधियों के विरुद्ध अब तक की सबसे प्रभावी कार्रवाईयों में से एक को अंजाम दिया है। पुलिस ने न केवल दस करोड़ रुपये की फिरौती के लिए अपहृत किए गए प्रॉपर्टी कारोबारी को सुरक्षित मुक्त कराया, बल्कि सनसनीखेज हनीट्रैप की साजिश रचने वाले चार इनामी बदमाशों को भी गिरफ्तार कर लिया।

एसपी कोटपूतली बहरोड़ देवेन्द्र कुमार विश्नोई ने बताया कि घटना गत 12 दिसंबर की सुबह की है। आदर्श नगर निवासी 65 वर्षीय प्रॉपर्टी कारोबारी कैलाश विजयवर्गीय जब डाबला रोड स्थित शिव मंदिर में पूजा कर बाहर निकले, तभी सफेद रंग की कार सवार बदमाशों ने उनका अपहरण कर लिया। बदमाश उन्हें हथियार की नोक पर सुनसान रास्तों से होते हुए सुंदरपुरा के पास एक खंडहर (तिबारा) में ले गए। इस वारदात से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई थी।

कोटपूतली पुलिस ने अपहृत प्रॉपर्टी कारोबारी को मुक्त करा चार बदमाशों को गिरफ्तार किया।

- बदमाशों ने कारोबारी को फंसाने के लिए जबरन महिला के साथ अश्लील वीडियो बना लिए थे
- वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर 10 करोड़ की फिरौती मांगी और 10 दिन का समय दिया था

बदमाशों ने कारोबारी को फंसाने के लिए पहले से ही जाल बिछा रखा था। इन्होंने एक महिला साथी को पहले से ही उस खंडहर में बुला रखा था। वहां कारोबारी के साथ मारपीट की गई, हवाई फायर कर उन्हें डराया गया और फिर जबरन महिला के साथ उनके अश्लील वीडियो बना लिए गए। इन वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर बदमाशों ने 10 करोड़ रुपये की मोटी फिरौती मांगी और 10 दिन का समय दिया।

जैसे ही पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार बिश्नोई को सूचना मिली तो उन्होंने तुरंत विशेष टीमों का गठन किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नाजिम अली और वृत्ताधिकारी राजेन्द्र कुमार बुरड़क के सुपरविजन में पुलिस ने पूरे जिले की घेराबंदी कर दी। पुलिस की मौजूदगी और तकनीकी सर्विलांस के बढ़ते दबाव को देख आरोपी घबरा गए। पकड़े जाने के डर से बदमाशों ने कारोबारी को बोपिया स्टैंड के पास छोड़ दिया और फरार हो गए।

पुलिस ने मुखबिरों और तकनीकी सहायता से आरोपियों का पीछा जारी रखा। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने विकास उर्फ विक्का गुर्जर (25) निवासी कोटपूतली, संदीप उर्फ धोलाराम गुर्जर (25) निवासी कोटपूतली, कृष्ण गुर्जर (23) निवासी प्रागपुरा और शेर सिंह राजपूत (23) निवासी सरुण्ड को अलग-अलग ठिकानों से गिरफ्तार कर लिया। इन चारों आरोपियों पर पुलिस ने पहले से ही 10-10 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। फिलहाल पुलिस आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है ताकि इस गिरोह के अन्य नेटवर्क का पर्दाफाश किया जा सके।

रिश्वत लेते पटवारी गिरफ्तार

जयपुर। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की चूरू टीम ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए पटवार मण्डल झांसल तहसील भादरा जिला हनुमानगढ़ के राजस्व पटवारी चरण सिंह को चार हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। यह रिश्वत परिवादी से उसके, उसकी बहनों द्वारा अपनी कृषि भूमि को भाई व पिताजी के नाम हक त्याग करने पर नामान्तरण दर्ज करने की एवज में मांगी गई थी। (एसीबी) पुलिस महानिदेशक गोविंद गुप्ता ने बताया कि एसीबी की चूरू टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि उसके स्वयं, उसके भाई व पिता के नाम कृषि भूमि का नामान्तरकरण दर्ज करने की एवज में झांसल पटवारी चरण सिंह रिश्वत की मांग कर रहा है। जिस पर एसीबी चूरू के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महावीर प्रसाद शर्मा के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन कराकर पटवारी चरण सिंह को चार हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है।

मोमासर में सोलर प्लांट लगाने के लिए खेत में खेजड़ी के 30 पेड़ काटे

- मौके पर 16 पेड़ ही कटे हुए मिले, शेष 14 पेड़ ट्रैक्टरों और पिकअप गाड़ियों में लाद कर लोग फरार हो गए
- सोलर प्लांट के लिए खेजड़ी के पेड़ काटने की एक महीने में यह तीसरी घटना है

बीकानेर, (निसं)। श्रीडूंगरगढ़ तहसील के मोमासर गांव में सोलर प्लांट लगाने के लिए एक खेत में खेजड़ी के 30 पेड़ काट डाले गए। इनमें से मौके पर 16 पेड़ ही कटे हुए मिले। शेष 14 पेड़ ट्रैक्टरों और पिकअप गाड़ियों में लाद कर लोग फरार हो गए।

जानकारी के अनुसार मोमासर गांव में प्रिंजल रिन्युएबल एनर्जी एलएलपी कंपनी ने करीब 50 मेगावाट का सोलर प्लांट लगाने के लिए लगभग 150 बीघा जमीन किसानों से लीज पर ली है। इसमें खसरा नंबर 2643/1298 रविंद्र कुमार का है, जहां रात में खेजड़ी के पेड़ों पर आरी चलाई गई। एक ही खेत में 30 पेड़ काटने की खबर है। आरा मशीनें चलने की आवाज पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो पेड़ काटने वाले लोग भाग गए।

पर्यावरण प्रेमी बीरबलराम पूनिया ने बताया कि मौके पर 16 पेड़ कटे हुए पड़े थे, जबकि 14 पेड़ों के ठूंठ मिले हैं। यह पेड़ आरोपी गाड़ियों में भरकर ले गए। पेड़ काटने की सूचना मिलने पर जीव रक्षा सभा के अध्यक्ष मोखराम बिश्नोई ने रात को करीब 9.30 बजे कलैक्टर कंट्रोल रूम पर दी, लेकिन वन विभाग की टीम ही मौके पर पहुंची। राजस्व विभाग से गिरदावर और पटवारी दोपहर बाद घटना स्थल पर गए। फर्द रिपोर्ट तैयार कर तहसीलदार को सौंप दी।

पटवारी जयप्रकाश मीणा ने बताया कि खेत मालिक को पेड़ नहीं काटने के लिए पाबंद किया गया है। उन्होंने बताया कि एक सोलर कंपनी ने यहां करीब 150 बीघा जमीन लीज पर ली है, जिसकी कार्यवाही चल रही है।

सोलर प्लांट के लिए खेजड़ी के पेड़ काटने की एक महीने में यह तीसरी घटना है। पिछले महीने 20 नवंबर को करणीसर भाटियान में 179 पेड़ काटे गए थे। उसके बाद हाल ही में रामसर गांव में करीब 50 पेड़ कटे थे। काश्तकारी अधिनियम के तहत पेड़ काटने पर अब जुर्माना काफी बढ़ गया है, जो पहले 100 रुपए प्रति पेड़ था, अब इसे बढ़ाकर 10 गुना 1000 रुपए प्रति पेड़ पहली बार में कर दिया गया है। दूसरी बार में काटने पर 2000 रुपए प्रति पेड़ जुर्माना वसूला जाएगा। खेजड़ी जैसे महत्वपूर्ण पेड़ों की कटाई को देखते हुए पर्यावरण प्रेमियों की मांग पर सरकार ने जुर्माना राशि बढ़ाई है।

उपखंड अधिकारी का कहना है कि कानून में संशोधन बिल विधानसभा में पेश होगा। मंजूरी के बाद इसे लागू किया जाएगा। तब तक जुर्माना पुराने कानून के अनुसार ही वसूला जाएगा।

वाहन चोर गिरफ्तार

जोधपुर, (कासं)। कमिश्नरेट की झंवर पुलिस ने राजीव गांधी नगर थाने के वाहन चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सूचना पर नाकाबंदी में कार सहित आरोपी को पकड़ा। आरोपी के खिलाफ चोरी, नकबजनी सहित विभिन्न धाराओं में अब तक 19 प्रकरण सामने आए है। जिस कार में पकड़ा गया उसकी भी अब जांच की जा रही है। कार चोरी की होने का भी अंदेशा बना है। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है।

पुलिस की टीम ने बाड़मेर जिले के शिव स्थित कोटड़ा निवासी ओंकारसिंह पुत्र तनसिंह के जोधपुर के झंवर में परिहारों की ढाणी से राबडियां आने की जानकारी मिली। वह कार में था। इस पर पुलिस ने राबडिया-धवा में नाकाबंदी की और उसे कार सहित पकड़ा। आरोपी ओंकार सिंह के खिलाफ जोधपुर संभाग के जैसलमेर, बाड़मेर, बालोतरा, जोधपुर कमिश्नरेट पश्चिम सहित आदि जिलों में कई प्रकरण दर्ज है। कुल 19 प्रकरणों का पता लगा है।

आंगनबाड़ी में नौकरी दिलाने के नाम पर रिश्वत मांगी

- आरोपी सीडीपीईओ अधिकारी ने 20 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर भी करा लिए
- जब पीड़िता की जगह किसी और का चयन होने पर रिश्वतखोरी का मामला सामने आ गया, कलैक्टर को ज्ञापन दिया

भीलवाड़ा, (निसं)। आंगनबाड़ी में नौकरी दिलाने के नाम पर 50 हजार रुपए रिश्वत की मांग करने का मामला सामने आया है। हैरान करने वाली बात यह है कि आरोपी सीडीपीईओ अधिकारी ने 20 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर भी करा लिए, लेकिन जब पीड़िता की जगह किसी और का चयन होने पर रिश्वतखोरी का पूरा मामला सामने आ गया है। इसमें पीड़िता ने महिला एवं बाल विकास विभाग के मुख्यालय में सबूत भी सौंप दिए हैं। रिश्वतखोर सीडीपीईओ के खिलाफ कमेटी का गठन भी उपनिदेशक ने कर दिया है। यह मामला जहाजपुर से सामने आया है।

पीड़िता प्रमिला कुमारी मीणा ने बताया कि ग्राम चतुर्भुजपुरा व बेई में नई आंगनबाड़ी स्वीकृत होने पर सहायिका और कार्यकर्ता के पद पर नियुक्ति निकली थी। इसके लिए उसने आवेदन किया था। वह बीए, बीएड, एमए कर चुकी हैं। सीडीपीईओ कुशाल सिंह राणावत ने उससे 50 हजार रुपए की मांग की। कुशाल सिंह ने एक फोन-पे नंबर दिया जिस पर प्रमिला के भाई ने 20 हजार रुपए ट्रांसफर किए। हाल ही में उन्हें पता लगा कि कुशाल सिंह ने प्रमिला से कम योग्यताधारी को लगा दिया। जब कुशाल सिंह से पैसे वापस मांगे तो उसने आनाकानी की। प्रमिला और उसका भाई जिला मुख्यालय पहुंचे और यहां कलैक्टर को ज्ञापन देने के बाद महिला एवं बाल विकास विभाग पहुंचकर उपनिदेशक राजकुमारी खोरवाल को शिकायत की। खोरवाल ने सबूतों को गंभीरता से लेते हुए कमेटी का गठन किया। कमेटी की जांच रिपोर्ट के बाद अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

उदयपुर में आबादी वाले इलाके में लेपर्ड घुसा

- वन विभाग की टीम ने लेपर्ड को किया ट्रेंकुलाइज

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर में गुरुवार सुबह आबादी वाले इलाके में लेपर्ड घुसने से अफरातफरी मच गई। भूपालपुरा क्षेत्र की कृष्णपुरा कॉलोनी में लेपर्ड कूदकर एक घर में गया, फिर छलांग लगाकर बाहर आ गया और सामने वाले घर में चला गया। लेपर्ड ने तीन बार अपनी लोकेशन बदली। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने मशक्कत के बाद लेपर्ड को ट्रेंकुलाइज कर सज्जनगढ़ अभयारण्य ले गई। लेपर्ड के मूवमेंट की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सर्च ऑपरेशन शुरू किया। सुबह 5 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक करीब साढे आठ घंटे कॉलोनीवासी दहशत के साए में रहे। कृष्णपुरा निवासी आशा कंवर ने बताया कि सुबह करीब 10.30 बजे वह घर के बाहर झाड़ू लगा रही थीं तभी लेपर्ड अचानक छलांग लगाकर सामने आ गया। वह कुछ ही फीट की दूरी पर था। डर के मारे वह तुरंत कमरे में घुस गई, जिसके बाद लेपर्ड दीवार फांदकर सामने वाले घर में चला गया। मकान में रहने वाले किराएदार भूपेंद्र ने बताया कि पास में रहने वाली महिला से लेपर्ड की सूचना मिलने पर तुरंत पुलिस और वन विभाग को खबर दी गई थी।

शूटर दिग्विजय सिंह ने बताया कि लेपर्ड का मूवमेंट घर में आगे बढ़ाने के लिए वन विभाग की टीम पटाखे लाई थी। ताकि लेपर्ड घर के हॉल से थोडा आगे आ जाए तभी उसे ट्रेंकुलाइज किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि ये ऑपरेशन किटिकल ही होते हैं। लेपर्ड को चंद्रिका राठौड के मकान से दोपहर करीब डेढ बजे ट्रेंकुलाइज किया गया। वह खुद बांसवाडा में रहती हैं। मकान में किराएदार रहते हैं। किराएदार भूपेंद्र ने बताया कि पास में रहने वाली आंटी से लेपर्ड आने की जानकारी मिली थी। इसके बाद वन विभाग और पुलिस को सूचना दी गई थी। लेपर्ड को 15 मिनट इंतजार के बाद वन विभाग की टीम पकड़कर बाहर लेकर आई। इसके बाद पिंजरे में कैद कर सज्जनगढ रवाना हो गई।

कुएं में वृद्धा का शव मिला

भीलवाड़ा, (निसं)। आसींद क्षेत्र के रेबारी की ढाणी में गुरुवार सुबह एक कुएं से 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान केमा पत्नी धर्मा रेबारी के रूप में हुई है, जो मंगलवार शाम से लापता थी। परिजनों ने बताया कि मंगलवार को वह खेत पर गेहूं की पिलाई करने गई थी, लेकिन शाम तक घर नहीं लौटी। उसके बाद से परिजन उसकी तलाश में लगे थे। परिजनों के अनुसार, केमा दोपहर में खेत पहुंची थी और गेहूं की फसल में पानी की पिलाई कर रही थी। शाम ढलते ही वह गायब हो गई। पूरे इलाके में तलाशी ली गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। गुरुवार सुबह खेत पर काम करने पहुंचे स्थानीय किसानों ने अपने खेत के कुएं में एक महिला का शव तैरता देखा। उन्होंने तत्काल आसपास के लोगों और मृतका के परिजनों को सूचना दी।खेत पर कार्यरत अन्य किसानों ने बताया कि मंगलवार को ही कुएं की मोटर बंद की गई थी। उसके बाद से महिला का कोई पता नहीं चला। संदेह है कि पिलाई के दौरान वह कुएं में गिर गई होगी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में किसी हत्या का कोई सबूत नहीं मिला है। घटना स्थल पर पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि कुआं गहरा है और आसपास जंगली इलाका होने से दुर्घटना संभव है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार छात्र की मौत, दूसरा घायल

अजमेर, (निसं)। माखुपुरा आईटीआई के सामने अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को 108 एम्बुलेंस से जवाहरलाल नेहरू अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने बड़गांव निवासी 18 वर्षीय जय जांगिड़ को मृत घोषित कर दिया। वहीं चंदवरदाई नगर निवासी 18 वर्षीय नीव शर्मा का गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका इलाज जारी है।

पूर्व सरपंच घनश्याम जांगिड़ने बताया कि मृतक जय जांगिडड़अपने दोस्त के घर चंद्रोदय निवासी शर्मा के पास गया हुआ था। दोनों युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रहे थे। इसी बीच अज्ञात वाहन की चपेट में आने से हादसे का शिकार हो गए। पुलिस ने मृतक के परिजन की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक सूचना मिलने पर हैड कांस्टेबल जगराम मय जाब्ता मौके पर पहुंचे। घायल युवकों को एम्बुलेंस के जरिए अस्पताल भिजवाया गया। पुलिस अज्ञात वाहन की पहचान और दुर्घटना के कारणों की पड़ताल में जुटी है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने और प्रत्यक्षदर्शियों से जानकारी जुटाने की कवायद की जा रही है।

घायल नीव शर्मा के पिता मदन मोहन शर्मा ने बताया कि वह रोडवेज में ड्राइवर है। 31 दिसंबर को उनका रिटायरमेंट होने वाला है। इसे लेकर कार्यक्रम भी होने वाला था, जिसकी तैयारियां चल रही थी। वह कार्ड का वितरण कर रहे थे। तभी रात 12 बजे पुलिस की ओर से उन्हें एक्सीडेंट की सूचना दी गई। बेटा उसके दोस्त जय को छोड़ने घर जा रहा था। इस दौरान यह हादसा हुआ है। मदन मोहन शर्मा ने बताया कि पूर्व में एक साल पहले उनके बड़े बेटे की बीमारी के चलते मौत हो गई थी।

प्रवासी पक्षी तिलोर (मैक्वीन बस्टर्ड) की करंट से मौत

- अत्यंत संवेदनशील प्रजाति का तिलोर पक्षी विलुप्त होने के कगार पर हैं
- मृत पक्षी के पैर पर अबू धाबी का टैग लगा था

जैसलमेर। जैसलमेर जिले के लाठी क्षेत्र से एक चिंताजनक मामला सामने आया है, जहां प्रवासी पक्षी तिलोर (मैक्वीन बस्टर्ड) की मौत हो गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, पक्षी की मौत हाईटेंशन विद्युत तार की चपेट में आने से हुई है। मृत पक्षी के दाहिने पैर में विदेशी टैग लगा हुआ पाया गया है, जिस पर अबू धाबी, संयुक्त अरब अमीरात अंकित है। इससे यह स्पष्ट होता है कि यह तिलोर पक्षी विदेश से प्रवास कर जैसलमेर क्षेत्र में पहुंचा था।

घटना की सूचना मिलते ही धर्मेंद्र पूनिया सहित अन्य वन्यजीव प्रेमी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। वन्यजीव प्रेमियों ने मामले की सूचना छायण वन विभाग को दी, जिसके बाद विभागीय कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू हुई। उल्लेखनीय है कि तिलोर पक्षी विलुप्त होने की कगार पर हैं और इसे अत्यंत संवेदनशील प्रजाति माना जाता है।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DISTT DN KOTA

क्रमांक-1433 दिनांक-10.12.25

Notice Inviting Bid
(NIT N o. 26/2025-26)

Bids for 5 no work at Kota are Invitied from interested bidders upto 06.00 PM of 29.12.2025 (Monday). Other Particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rj.nic.in) of the Rajathan State. The approximate value of the procurement is Rs. 181.10 Lacs.
UBN No.- 1. PWD2526WSOB18700, 2. PWD2526WSOB18701, 3. PWD2526WSOB18702, 4. PWD2526WSOB18703, 5. PWD2526WSOB18704

(अशोक कुमार महावर) अधिशाषी अभियन्ता,
सा.नि.वि. जिला खण्ड कोटा, मो.नं. 98291-28359

DIPR/C/18495/2024

राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

क्रमांकःविज्ञापन सं.13/Exam/Protection Officer/RPSC/EP-1/2025-26 दिनांकः 18.12.2025

आयोग द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग के लिए राजस्थान महिला अधिकारिता (राज्य एवं अधीनस्थ) सेवा नियम, 2017 के अन्तर्गत संरक्षण अधिकारी (Protection Officer) के कुल 12 पदों पर भर्ती हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। शैक्षिणक योग्यता, आवेदन प्रक्रिया व अन्य विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी उक्त पदो हेतु आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन का अवलोकन करें। उक्त पदो हेतु आयु सीमा, आवेदन अवधि व अन्य विवरण निम्नानुसार है :-

आयु सीमा	दिनांक 01.01.2027 को न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष से कम होनी चाहिये।
आवेदन अवधि	दिनांक 24.12.2025 से दिनांक 22.01.2026 रात्रि 12:00 बजे तक।
परीक्षा का स्थान व माह	परीक्षा स्थान व तिथि के संबंध मे यथासमय सूचित कर दिया जायेगा।

अन्य बिन्दु व सूचनाः- परीक्षा से संबंधित अन्य बिन्दु व सूचना के लिए आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन एवं संबंधित सेवा नियमो का अध्ययन आवश्यक रूप से कर ले। इसके अतिरिक्त उक्त परीक्षा के संबंध मे समय-समय पर जारी सूचनाओं का अवलोकन आयोग की वेबसाईट https://rpsc.rajasthan.gov.in पर कर सकते है। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार के मार्ग निर्देशन/ सूचना / स्पष्टीकरण हेतु राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर के परिसर मे स्थित स्वागत कक्ष पर व्यक्तिगत रूप से अथवा दूरभाष सं. 0145-2635212 एवं 2635200 पर सम्पर्क किया जा सकता है। समस्त पत्र व्यवहार सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर को सम्बोधित किया जाए।

DIPR/C/18798/2024 (रामनिवास मेहता) सचिव

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता एवं परियोजना प्रबंधक वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर, कृषि परिसर (आत्मा) खोजागेट, बून्दी
Email Id- SEWDSC.BUNDI@RAJASTHAN.GOV.IN
ई-निविदा सूचना संख्या 18/2025-26

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जिला बून्दी मे प्रधानमंत्री कृषि सिचाई योजना 2.0 / मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान योजना 2.0 फेज 2 अन्तर्गत विभागीय मद / राज्य मद मे अन्तर्गत राजस्थान उपापन मे पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 के प्रावधान अनुसार निविदा की जानी है। जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न सक्षम श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्योरमेंट प्रक्रिया द्वारा ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। कार्यो का विस्तृत विवरण "https://sppp.rajasthan.gov.in", "https://eproc.rajasthan.gov.in", वेबसाईट पर देखी जा सकता है।

SPPP-NIB NO.	SPPP-BID NO./UBN No.
WSC2526A1151	WSC2526WSOB02039
	WSC2526WSOB02040

(जसराम मातोरिया)
अधीक्षण अभियन्ता एवं परियोजना प्रबंधक, वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर, जिला परिषद, बून्दी

DIPR/C/18730/2024

राजस्थान सरकार
कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता
जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण पंचायत समिति देवगढ़

क्रमांक : **ई-निविदा सूचना (8-14/2025-26)** दिनांकः
(NIB Code: WSC2526A1148)

राजस्थान राज्यपाल महोदय की ओर से एमजेएसए 2.0 द्वितीय चरण, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0, मुख्य मंत्री जल स्वावलम्बन अभियान द्वितीय चरण जिला राजसमन्द के एवं तहत जिले की पंचायत समितियों में संचालित परियोजनाओं मे कुल 07 पेकेजों में वर्णित कार्यो का डिफेक्ट लाईबिलीटी अवधि सहित उपयुक्त श्रेणी के राजस्थान / केन्द्र सरकार के विभागो/अधिकृत संगठनों में पंजीकृत संवेदकों से eproc.rajasthan.gov.in पर राशि रू. 23.86, 30.74, 13.75, 54.29, 25.55, 59.93 एवं 48.53 लाख के सम्पादन कराने के लिये दिनांक 11.12.2025 को प्रातः 4.00 बजे से 22.12.2025 को प्रातः 09:00 बजे तक ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑनलाईन ई-निविदाए आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण एवं शर्ते उक्त पोर्टल एवं sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल पर UBN:WSC2526WSOB02030,WSC2526WSOB02031, WSC2526WSOB02032, WSC2526WSOB02033, WSC2526WSOB02034, WSC2526WSOB02035, WSC2526WSOB02036 देख सकते है।

अधिशाषी अभियन्ता
जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण पंचायत समिति देवगढ़

DIPR/C/18563/2024

कार्यालय भरतपुर विकास प्राधिकरण,भरतपुर

क्रमांक :- स्टोर/2025/19425702 **ऑक्शन** दिनांक :- 17.12.2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण, भरतपुर द्वारा निर्मित विश्वप्रिय शास्त्री चौपाटी की दुकान संख्या 01 से 09 मय चौपाटी एरिया किराये पर दिया जाना है। जिसके लिए उपयुक्त सक्षम श्रेणी की फर्मे ऑक्शन हेतु आमंत्रित की जाती है। उक्त ऑक्शन की पूर्ण जानकारी व शर्ते प्राधिकरण कार्यालय में देखी जा सकती है।

क्र.सं	चौपाटी का नाम	न्यूनतम प्रारम्भिक बोली राशि (प्रति माह)	अमानत राशि
1	विश्वप्रिय शास्त्री पार्क चौपाटी	8000.00रू0	15000.00

लोहागढ घना चौपाटी विश्वप्रिय शास्त्री पार्क भरतपुर व्यावसायिक दुकानें मय ओपन स्पेस अस्थायी रजिस्ट्रेशन/अमानत राशि/दस्तावेज, अपलोड करने की कार्यवाही दिनांक 18.12.2025 बजे ऑनलाईन से दिनांक 24.12.2025 सायं 06:00 बजे तक एवं ऑफलाईन नीलामी दिनांक 26.12.2025 प्रातः 11:00 बजे प्राधिकरण कार्यालय सभागार में आयोजित की जावेगी।

राज.संवाद/सी/25/16036 सचिव

कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा जिला-राजसमन्द (राज0)
Email:- np_ntd@yahoo.in Phone:- 02953-233526

क्रमांक/न.पा.नाथ/राजस्व/2025/15650 दिनांकः 17.12.2025

ऑनलाईन नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि नगरपालिका नाथद्वारा द्वारा पालिका क्षेत्र 120 फिट रोड़ के समीप स्थित ग्रेस ऑफ म्यूजियम में नवनिर्मित "टेस्ट ऑफ ग्रेस" भवन को (3+2) 05 वर्षीय किराया पद्यति तर्ज पर दिये जाने हेतु भव्य ऑन लाईन निलामी (ई-ऑक्शन) बोली आमंत्रित की जाती हैं। उक्त सूचना अनुसार कोई इच्छुक व्यक्ति/फर्म/संस्था निम्न सारणी अनुसार निर्धारित दिनांक को पालिका की वेबसाईट https://lsgeauction.rajasthan.gov.in/, https://sso.rajasthan.gov.in पर ऑन-लाईन निलामी बोली में भाग ले सकते हैं।

अमानत राशि जमा कराने/निलामी बोली प्रारंभ की दिनांक	:- 18.12.2025
अमानत राशि जमा करवाने की अंतिम दिनांक	:- 29.12.2025 दोपहर 05:00 बजे तक
निलामी बोली की अंतिम दिनांक	:- 30.12.2025 दोपहर 03:00 बजे तक

Raj.Samwad/C/25/15998 प्रशासक आयुक्त

कार्यालय नगर निगम, अजमेर
दूरभाष-0145-2429953, फैक्स-0145-2433813, Email - ajmermc@gmail.com, ajmermc@rajasthan.gov.in
Website - www.lsg.urban.rajasthan.gov.in/mcajmer, www.ajmermc.org

No. :- MEW/2025-26/1823 Dated :- 17.12.2025

ई-निविदा सूचना 02/2025-26

Open BIDS for ENIB No.02/2025-26 No. 1822 dated 11.12.2025 Percurement for Remedian of remaining/additional legacy waste and recovery of Land at makhupura Trenching Ground under SBM-U-2.00 and budget Ghosana 2024-25 (01 online works) of Subject matter are invited from interested bidders for online tender submit upto 02.01.2026 upto 6:00 PM and Online tender Open at 05.01.2026 at 11:00 A.M. Other particulars or details of NIB of the bid may be visite at the percurement portal http://sppp.rajasthan.gov.in/ and / http://eproc.rajasthan.gov.in/ of the state.NIB code and UBN code as per given below.

NIB Code.	UBN NO.
ANN2526A0177	ANN2526WLOB00232

अधिक्षण अभियंता
नगर निगम अजमेर

राज.संवाद/सी/25/16081

राजस्थान सरकार
कार्यालय अधिशाषी अभियंता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, बीकानेर
स्वास्थ्य भवन, त्यागी वाटिका, जेल वैल, बीकानेर
फोन 0151-2201142, email-eemhbikaner@ymail.com

क्रमांक-EE/M&H/BKN/2025-26/2731 दिनांकः- 11/12/25

ई- टेण्डरिंग निविदा सूचना संख्याः- 53/2025-26

निम्नहस्ताक्षरकर्ता द्वारा राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जिला बीकानेर एवं श्रीगंगानगर में कुल रू. 155.94 के 03 उप स्वास्थ्य केन्द्र के कार्य हेतु निविदा में बताये अनुसार श्रेणी के संवेदको के समकक्ष उपर्युक्त सिविल श्रेणी मे सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे/एमईएस इत्यादि मे पंजीकृत संवेदको जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त सिविल श्रेणी के संवेदको के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र मे ई-प्रोक्यूरमेंट निविदायें आमंत्रित की जाती है। अत्पकालीन निविदा से सम्बन्धित विवरण DIPR की वेबसाईट www.dipronline.org http://eproc.rajasthan.gov.in व विभागीय वेब साईट http://rajswasthya.nic.in पर देखा जा सकता है।

UBN- 1. NRH2526WSOB01911
2. NRH2526WSOB01912
3. NRH2526WSOB01913

(शिम्भू राम जाटव)
अधिशापी अभियन्ता
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग
बीकानेर

DIPR/C/18510/2024

महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर

निविदा सूचना

विश्वविद्यालय में लैब उपकरण क्रय हेतु निविदा जारी की गयी हैं, जिसका यूबीएन GSU2526GLOB00051 हैं। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी http://sppp.rajasthan.gov.in व www.eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

राज.संवाद/सी/25/16033 वित्त नियंत्रक

कार्यालय नगर निगम पाली (राज.)
(लालबहादुर शास्त्री टाऊन हॉल, सुरजपोल के पास, पाली, पिनकोड-306401)
टेली-फैक्सः- 02932-221301 ई-मेल :- cmcpali@yahoo.co.in

क्रमांक : प.19( )गैराज/2025/379 दिनांक : 17.12.2025

:: ई-निविदा सूचना संख्या ...../2025-26

नगर निगम, पाली की ओर से पाली नगर निगम एवं राजकीय विभाग में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूमेन्ट प्रक्रिया से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है जो वेबपोर्टल www.sppp.raj.gov.in, www.eproc.rajastha.gov.in पर निम्नलिखित UBN नम्बर अनुसार डाउनलोड कर देखी जा सकती है।

1. UBN नम्बर DLB2526GLRC27531

आयुक्त
नगर निगम, पाली

राज.संवाद/सी/25/16080

Office of the Superintendent Engineering and Project Manager WCDC, Karauli

File No. :- Date :- 17/12/2025

Notice inviting Bid
NIB No 31 & 32/ 2025-26 YEAR 2025

Bids for Talab, Talai, ECD, Mpt, Farm Pond & RTWHS of estimated value INR 80.31 Lacs (64.80 + 15.51), 3.42 Lacs are invited from interested bidders up to 06:00 PM, 26/12/2025 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in or https://sppp.rajasthan.gov.in/) of the state and department website (https://water.rajasthan.gov.in/wdsc).

UBN No. : WSC2526WSRC02059, WSC2526WSRC02060, WSC2526WSRC02061

Superitending Engineer and Project Manger
WCDC Zila Parishad Karauli

Raj.Samwad/C/25/16061

कार्यालय उप वन संरक्षक एवं उप क्षेत्र निदेशक (द्वितीय)
रणथम्भौर टाईगर रिजर्व करौली

Mail ID-dcfb.kroli.forest@rajasthan.gov.in Phone No. 07464-297007

इस कार्यालय द्वारा जारी ई-निविदा सूचना एवं खुली-निविदा सूचना द्वारा निविदा आमंत्रित की गई है। अतः इच्छुक बोलीदाता पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.e-proc.rajasthan.gov.in देख कर ऑनलाईन निविदाओं को डाउनलोड कर निविदाओं में भाग ले सकते है।

क्र. सं.	कार्य का विवरण	UBN No.	लागत (लाखों में)	जारी दिनांक	जमा कराने की दिनांक	खोलने की दिनांक
1.	राजकीय विद्यालयों में ब